नीति जारी हो तो खिलौना उद्योग को मिले रफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के खिलौना उत्पादों के निवेशक जल्द से जल्द नई नीति चाहते हैं। टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त से इस सेक्टर में निवेश प्रोत्साहन के लिए नई नीति का एलान जल्द से जल्द कराने की मांग की है।

एसोसिएशन की मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपोर्टर इकाई के संयोजक एनके गुप्ता ने यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के चेयरमैन व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) आलोक टंडन को पत्र लिखा है। उन्होंने इसी वर्ष जून में उनके साथ हुई वार्ता का हवाला देते हुए कहा कि खिलौना इकाइयों की स्थापना में निवेशक अच्छी रुचि दिखा रहे हैं। यीडा की ओर से लॉन्च टॉय पार्क को निवेशकों ने हाथोंहाथ लिया है। इस टॉय पार्क में खिलौना इकाइयों की स्थापना के लिए 113 आवेदन हुए और 108 को प्लाट का आवंटन किया जा चुका है। यह कार्यवाही पिछले महीने ही पूरी हुई है। उन्होंने इस सेक्टर को तेजी से प्रोत्साहित करने के लिए यूपी खिलौना नीति जल्द जारी कराने का आग्रह किया है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग ने इस पत्र को कार्यवाही के लिए इन्वेस्ट यूपी को भेज दिया है।

सरकार ने प्रोत्साहन के लिए खिलौना नीति लाने का किया था एलान, अभी विचार-विमर्श जारी

जेवर एयरपोर्ट के पास प्रस्तावित टॉय पार्क में प्लाट आवंटन के साथ निवेश का पहला चरण पूरा हो गया है। अब कब्जा प्राप्त कर आगे की कार्यवाही की जानी है। इस टॉय पार्क में करीब 600 करोड़ रुपये निवेश होगा और 20 हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। हम राज्य सरकार की टॉय पालिसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। **- एनके गुप्ता,** संयोजक टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया मैनुफैक्चरर एंड एक्सपोर्टर विंग